# COMMON P. G. ENTRANCE TEST – 2024 (CPET-2024)

**Test Booklet No. :** 00603

**Subject Code :** 15

**Hall Ticket No. :**

**Subject :** HINDI

## TEST BOOKLET

*Time Allowed : **60 Minutes***

*Full Marks : **80***

### : INSTRUCTIONS TO CANDIDATES :

1. The Test Booklet contains **15** pages including the cover page and **80** (Question Nos. 1 to 80) multiple choice questions.
2. DO NOT break open the seal of the Test Booklet until the invigilator instructs to do so.
3. The candidates must check discrepancy, if any (like up-printed or torn or missing pages or missing questions) in the Test Booklet immediately after breaking the seal of the Test Booklet. If detected, the invigilator may be requested to replace the same.
4. Candidates are required to fill up and darken the **Hall Ticket No., Test Booklet Serial No.** and OMR Answer Sheet Serial No. in attendance sheet carefully. Wrongly filled in OMR Answer Sheet is liable for rejection.
5. Each question has four choices / answers marked (A), (B), (C), (D). Candidate has to select the most appropriate choice / answer to each question and darken the oval completely against the question number provided in the OMR Answer Sheet.
6. Indicate only one choice / answer from the options provided by darkening the appropriate oval in the OMR Answer Sheet. More than one response to a question shall be treated as a wrong answer.
7. Use only **Black Ball Point Pen** for darkening the oval for answering.
8. All the questions are compulsory and they carry equal marks. The total marks scored by a candidate depends on the number of correct choices / answers darkened in the OMR Answer Sheet. There will be no negative marking for wrong answers.
9. No candidate shall be allowed to leave the Examination Hall / Room till all OMR Answer Sheets have been collected by the invigilator.
10. On completion of the entrance test, the original OMR Answer Sheet be handed over to the invigilator. Candidates are allowed to take the second copy of the OMR Answer Sheet along with the used Test Booklet for reference.
11. Candidates are not allowed to carry any personal belongings including electronic devices such as scientific calculator, cell phones, headphones, earbuds, or any other type of devices that allow communication of any kind inside the Examination Room / Hall.
12. The candidates are advised not to scribble or make any mark on the OMR Answer Sheet except marking the answers at the appropriate places and filling up the details required. Rough work, if any, may be done in the blank sheet(s) provided at the end of the Test Booklet.
13. Any malpractice / use of unfair means will lead to your disqualification from the entrance test / admission process and may also lead to appropriate legal action as deemed fit.

**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

SEAL

1. "प्राकृत की अंतिम अपभ्रंश अवस्था से ही हिन्दी साहित्य का आविर्भाव माना जा सकता है" — यह उक्ति है :

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) शिवसिंह सेंगर

(D) रामकुमार वर्मा

2. इनमें से कौन-सा इतिहास ग्रन्थ हजारी प्रसाद द्विवेदी द्वारा लिखा गया है ?

(A) हिन्दी साहित्य का आलोचनात्मक इतिहास

(B) हिन्दी साहित्य का दूसरा इतिहास

(C) हिन्दी साहित्य : उद्‌भव और विकास

(D) हिन्दी साहित्य का इतिहास

3. निम्न इतिहास ग्रन्थों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम क्या है ?

(A) हिन्दी साहित्य का इतिहास, मिश्रबन्धु विनोद, भाषा काव्य संग्रह, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास

(B) मिश्रबन्धु विनोद, भाषा काव्य संग्रह, हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास

(C) भाषा काव्य संग्रह, मिश्रबन्धु विनोद, हिन्दी साहित्य का इतिहास, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास

(D) मिश्रबन्धु विनोद, भाषा काव्य संग्रह, हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, हिन्दी साहित्य का इतिहास

4. हिन्दी साहित्य के प्रारंभिक काल को 'सिद्ध सामंत काल' कहने वाले विद्वान हैं :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) राहुल सांकृत्यायन

(D) गणपति चन्द्र गुप्त

5. अपभ्रंश को 'देशभाषा' नाम विक्रम की तीसरी शताब्दी में देने वाले आचार्य हैं :

(A) भामह

(B) धारसेन

(C) देवसेन

(D) भरतमुनि

6. 'परमात्म प्रकाश' के रचनाकार हैं :

(A) नन्द कवि

(B) जोइन्दु

(C) जगनिक

(D) जल्हण

7. सिद्धों में सबसे पुराने सरह का नाम है :

(A) इंद्रभूति

(B) सरोज वज्र

(C) शबरीपा

(D) मणिभद्रपा

8. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार वीरगीत के रूप में मिलने वाली सबसे प्राचीन पुस्तक है :

(A) खुमान रासो

(B) पृथ्वीराज रासो

(C) जयचन्द प्रकाश

(D) वीसलदेव रासो

9. "अपने पौरुष से हताश जाति के लिए भगवान की भक्ति और करुणा की ओर ध्यान ले जाने के अतिरिक्त दूसरा मार्ग ही क्या था ?" — भक्तिकाल के सम्बन्ध में यह उक्ति है :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) रामकुमार वर्मा

10. भक्ति को 'ईसाइयत' से प्रभावित मानने वाले विद्वान हैं :

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामविलास शर्मा

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) ग्रियर्सन

11. इनमें से कौन-सा कबीर कृत 'बीजक' का अंश नहीं है ?

(A) साखी

(B) सबद

(C) सुखमनी

(D) रमैनी

12. सूफी पंथ के कितने प्रमुख संप्रदाय हैं ?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 6

13. निम्न में से कौन 'पद्मावत' का एक पात्र नहीं है ?

(A) नागमती

(B) माधव

(C) राघव चेतन

(D) अलाउद्दीन

14. जायसीकृत 'पद्मावत' में कुल कितने खण्ड हैं ?

(A) 57

(B) 67

(C) 77

(D) 87

15. 'विशिष्टाद्वैतवाद' के प्रवर्तक हैं :

(A) शंकराचार्य

(B) रामानुजाचार्य

(C) निम्बार्काचार्य

(D) वल्लभाचार्य

16. 'अलवार और नयनार' भक्तों का सम्बन्ध भारत के किस भाग से है ?

(A) उत्तर भारत

(B) दक्षिण भारत

(C) पूर्वी भारत

(D) पश्चिमी भारत

17. 'रामचरितमानस' में कुल कितने काण्ड (अध्याय) हैं ?

(A) 5

(B) 6

(C) 7

(D) 8

18. इनमें से कौन-सी रचना तुलसीदास द्वारा रचित नहीं है ?

(A) वैराग्य संदीपनी

(B) कृष्ण गीतावली

(C) रामचरितमानस

(D) रामचन्द्रिका

19. ''आरती कीजे हनुमान लला की । दुष्टदलन रघुनाथ कला की ।'' — यह पंक्ति के रचनाकार हैं :

(A) अग्रदास

(B) रामानन्द

(C) तुलसीदास

(D) हृदयराम

20. इनमें से कौन-सा संप्रदाय कृष्णभक्ति से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) सनक सम्प्रदाय

(B) सखी सम्प्रदाय

(C) विशिष्टाद्वैत सम्प्रदाय

(D) राधावल्लभ सम्प्रदाय

21. 'पुष्टिमार्ग' में कितने प्रकार के जीव माने गए हैं ?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 2

22. 'इनमें से कौन 'अष्टछाप' के कवि नहीं हैं ?

(A) सूरदास

(B) कृष्णदास

(C) गदाधर भट्ट

(D) गोविन्द स्वामी

23. इनमें से किसका सम्बन्ध साखी के शब्दार्थ से नहीं है ?

(A) अनुभूति

(B) वात्सल्य

(C) प्रत्यक्ष ज्ञान

(D) उपदेश

24. 'कस्तूरी' किसमें पायी जाती है ?

(A) शेर

(B) हाथी

(C) मृग

(D) गाय

25. कबीर ने रूखा सूखा खाकर क्या पीने के लिए कहा है ?

(A) ठंढ़ा पानी

(B) शरबत

(C) फलों का रस

(D) दवाई

26. जायसी ने पद्मावत में किस भाषा का प्रयोग किया है ?

(A) ब्रज

(B) अवधी

(C) खड़ी बोली

(D) अपभ्रंश

27. इनमें से कौन–सी रचना सूरदास की नहीं है ?

(A) साहित्य लहरी

(B) सूरसागर

(C) सेवाफल

(D) प्रेमवाटिका

28. 'निगम और आगम' का अर्थ है :

(A) आध्यात्मिक स्थान

(B) वेद और शास्त्र

(C) मनोवैज्ञानिक रचना

(D) निष्कासन की विधि

29. "हिय हिंडोल जस डोले मोरा ।

विरह झुलावै देई झँकोरा ।"

— इस पंक्ति के कवि हैं :

(A) कबीरदास

(B) तुलसीदास

(C) बिहारी

(D) जायसी

30. "मंगल सगुन होहिं सब काहू ।

फरकहिं सुखद विलोचन बाहू ।"

— इस पंक्ति के कवि हैं :

(A) कबीरदास

(B) तुलसीदास

(C) जायसी

(D) सूरदास

31. "वृथा बहति ———— खग बोलत ।" —

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(A) गंगा

(B) कावेरी

(C) सिंधु

(D) ज़मुना

32. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार रीतिकाल का आरम्भ किस कवि से मानना चाहिए ?

(A) चिंतामणि त्रिपाठी

(B) भूषण

(C) मतिराम

(D) बिहारी

33. रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार रीतिकालीन कवियों के प्रिय छंद हैं :

(A) रोला, चौपाई

(B) सोरठा, धनाक्षरी

(C) कवित्त, सवैये

(D) बरवै, कुण्डलिया

34. रीतिकाल को 'शृंगारकाल' कहने वाले विद्वान हैं :

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(C) त्रिलोचन

(D) मिश्रबंधु

35. इनमें से कौन रीतिमुक्त कवि नहीं हैं ?

(A) बिहारी

(B) रसखान

(C) घनानन्द

(D) ठाकुर

36. 'बिहारी सतसई' ग्रन्थ में किस भाषा का प्रयोग मिलता है ?

(A) मगधी

(B) मगही

(C) अवधी

(D) ब्रज

37. भारतेन्दु हरिश्चन्द्र किस उपनाम से भी साहित्य रचना किया करते थे ?

(A) जकी

(B) कविरत्न

(C) रसा

(D) रसिक

38. डॉ० नगेन्द्र ने द्विवेदी काल को किस युग की संज्ञा दी है ?

(A) जागरण काल

(B) जागरण सुधार काल

(C) खड़ी बोली काल

(D) लोकजागरण काल

39. खड़ी बोली हिन्दी का प्रथम महाकाव्य किसे माना जाता है ?

(A) रस कलश

(B) प्रिय प्रवास

(C) कामायनी

(D) वैदेही वनवास

40. "अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी । आँचल में है दूध और आँखों में पानी ।" — इन पंक्तियों के कवि हैं :

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) महादेवी वर्मा

(D) मैथिलीशरण गुप्त

41. "छायावाद स्थूल के प्रति सूक्ष्म का विद्रोह है ।" — यह कथन है :

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) नामवर सिंह

(D) रामविलास शर्मा

42. भारत में आधुनिक काल की निम्न नवजागरण से संबद्ध संस्थाओं का सही अनुक्रम है :

(A) आर्य समाज, ब्रह्म समाज, रामकृष्ण मिशन, थियोसोफिकल सोसाइटी

(B) ब्रह्म समाज, आर्य समाज, रामकृष्ण मिशन, थियोसोफिकल सोसाइटी

(C) ब्रह्म समाज, आर्यसमाज, थियोसोफिकल सोसाइटी, रामकृष्ण मिशन

(D) ब्रह्म समाज, रामकृष्ण मिशन, थियो-सोफिकल सोसाइटी, आर्य समाज

43. इनमें से कौन फोर्ट विलियम कॉलेज से सम्बद्ध नहीं हैं ?

(A) जॉन गिलक्राइस्ट

(B) फादर कामिल बुल्के

(C) सदल मिश्र

(D) लल्लू लाल

44. इनमें से किसका संबंध दक्खिनी हिन्दी' से नहीं है ?

(A) ख्वाजा बन्दानवाज गेसूदराज

(B) मुल्ला वजही

(C) मुहम्मद अली कुतुबशाह

(D) इंशाअल्ला खाँ

45. प्रेमचन्द को 'उपन्यास सम्राट' की संज्ञा किस विद्वान ने दी थी ?

(A) राजा राममोहन राय

(B) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(C) शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय

(D) ग्रियर्सन

46. मधूलिका के पिता सिंहमित्र ने किस युद्ध में अपनी वीरता का परिचय दिया था ?

(A) पलासी

(B) कलिंग

(C) वाराणसी

(D) पानीपत

47. वापसी कहानी के गजाधर बाबू की बड़ी बेटी का नाम है :

(A) बसन्ती

(B) शीला

(C) कान्ति

(D) सुनीता

48. "इस सौन्दर्य के सामने जीवन की सब सुविधाएँ हेय हैं।" — आषाढ़ का एक दिन में यह उक्ति है :

(A) मल्लिका

(B) रंगिनी

(C) संगिनी

(D) प्रियगुमंजरी

49. इनमें से कौन माधवी नाटक का एक पात्र नहीं है ?

(A) ऋषि वशिष्ठ

(B) गालव

(C) ययाति

(D) राजा हर्यश्च

50. सर्वेश्वर दयाल सक्सेना किस सप्तक के कवि हैं ?

(A) पहला सप्तक

(B) दूसरा सप्तक

(C) तीसरा सप्तक

(D) चौथा सप्तक

51. इनमें से कौन-सा काव्य प्रयोजन भरत मुनि के अनुसार नहीं है ?

(A) धर्म की प्राप्ति

(B) लोक व्यवहार का ज्ञान

(C) यश प्राप्ति

(D) हित करने वाला

52. करुण रस का स्थायी भाव है :

(A) हास

(B) क्रोध

(C) शोक

(D) विस्मय

53. 'विरेचन सिद्धान्त' का सम्बन्ध किस विद्वान से है ?

(A) प्लेटो

(B) अरस्तू

(C) लोंगिनुस

(D) विलियम वर्ड्सवर्थ

54. भाषा को 'यादृच्छिक ध्वनि संकेतों की प्रणाली' मानने वाले विद्वान हैं :

(A) गार्डिनर

(B) ब्लाख तथा ट्रेगर

(C) येस्पर्सन

(D) भोलानाथ तिवारी

55. 'शास्त्रीयतावाद' का प्रारंभिक प्रभाव किस देश के साहित्य पर देखा जाता है ?

(A) अमेरिका

(B) डेनमार्क

(C) ग्रीस

(D) स्वीट्ज़रलैंड

56. 'स्वच्छंदतावाद' का उदय किस समाज व्यवस्था में हुआ था ?

(A) आदिकालीन समाजव्यवस्था

(B) सिन्धुघाटी समाजव्यवस्था

(C) सामंतवादी समाजव्यवस्था

(D) पूँजीवादी समाजव्यवस्था

57. आधुनिक हिन्दी कविता में स्वच्छंदतावादी कविता के कवि नहीं हैं ?

(A) तुलसीदास

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) सुमित्रानन्दन पंत

(D) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

58. क्रोचे के अनुसार कला रचना की कितनी स्थितियाँ होती हैं ?

(A) 3

(B) 4

(C) 5

(D) 7

59. 'अभिव्यंजनावाद' भारतीय काव्य शास्त्र के किस सिद्धान्त के निकट है ?

(A) रीति

(B) ध्वनि

(C) वक्रोक्ति

(D) रस

60. बिम्बवादी विचारधारा को किस पाश्चात्य विद्वान ने 'इमेजिज्म' की संज्ञा दी थी ?

(A) एजरा पाउंड

(B) टी० एस० इलियट

(C) शेली

(D) विलियम ब्लेक

61. 'आधुनिक हिन्दी कविता में बिंब विधान' — पुस्तक के रचनाकार हैं :

(A) केदारनाथ अग्रवाल

(B) केदारनाथ सिंह

(C) नामवर सिंह

(D) जगदीश्वर चतुर्वेदी

62. 'प्रतीकवाद' का साहित्य और कला के एक आन्दोलन के रूप में आविर्भाव किस देश में हुआ था ?

(A) यूनान

(B) पुर्तगाल

(C) फ्रान्स

(D) अमेरिका

63. प्रतीकवाद को एक प्रकार का 'काव्यात्मक रहस्यवाद' मानने वाले विद्वान हैं :

(A) फ्रेडरिक श्लेगल

(B) एफ० आर० लीविस

(C) डब्ल्यू० बी० ईटस

(D) शेक्सपीयर

64. 'अस्तित्ववाद' का मूल आधार है :

(A) सामाजिकता

(B) व्यैक्तिक स्वच्छंदता

(C) धार्मिक विश्वास की स्वीकार्यता

(D) शास्त्रवाद का समर्थन

65. इनमें से कौन अस्तित्ववादी विचारक नहीं हैं ?

(A) सारेन कीर्केगाड

(B) नीत्शे

(C) मार्टिन हेडलर

(D) प्लेटो

66. आधुनिक हिन्दी कविता में सर्वाधिक अस्तित्ववादी विचारों का प्रभाव किस कवि पर देखा जा सकता है ?

(A) सुमित्रानन्दन पंत

(B) अज्ञेय

(C) मुक्तिबोध

(D) नागार्जुन

67. समाज में आधारभूत ढ़ाँचा (Base) और अधिरचना (Super Structure) की परिकल्पना किस दर्शन में हुई है ?

(A) स्वच्छंदतावाद

(B) अभिव्यंजनावाद

(C) अस्तित्ववाद

(D) मार्क्सवाद

68. इनमें से किसे हिन्दी मार्क्सवादी आलोचना का किंवदंती पुरुष माना जाता है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) डॉ० नगेन्द्र

(C) नन्ददुलारे वाजपेयी

(D) डॉ० नामवर सिंह

69. मनोविश्लेषण सम्बन्धी सिद्धान्तों के जन्म का सम्बन्ध किस विद्वान से माना जाता है ?

(A) सिगमंड फ्रायड

(B) कार्ल मार्क्स

(C) ज्याँ पाल सात्र

(D) अरस्तू

70. "फावड़े और हल ——— बनने को हैं।" रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

(A) धर्मदण्ड

(B) राजदण्ड

(C) मानदण्ड

(D) प्रतीक

71. "किन्तु जग के पंथ पर यदि स्वप्न दो तो सत्य दो सौ।" — इन पंक्तियों के कवि हैं :

(A) दिनकर

(B) अज्ञेय

(C) बच्चन

(D) शमशेर

72. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार राष्ट्रपति को संविधान लागू होने के 5 एवं 10 वर्षोपरांत राजभाषा आयोग एवं संसदीय राजभाषा समिति गठन करने का अधिकार दिया गया था ?

(A) 344

(B) 345

(C) 346

(D) 347

73. इनमें से कौन-सी भाषा संविधान की अष्टम अनुसूची में शामिल नहीं है ?

(A) कश्मीरी

(B) ओड़िआ

(C) उर्दू

(D) भोजपुरी

74. "मूलभाषा की सामग्री के भावों की रक्षा करते हुए उसे दूसरी भाषा में बदल देना अनुवाद है।" — यह परिभाषा है :

(A) नाइडा

(B) फारेस्टन

(C) सैमुएल जॉन्सन

(D) न्यूमार्क

75. 'हँस' पत्रिका को वर्तमान में कथा साहित्य की लोकप्रिय पत्रिका बनाने वाले संपादक हैं :

(A) नामवर सिंह

(B) अशोक वाजपेयी

(C) प्रभाकर श्रोत्रिय

(D) राजेन्द्र यादव

76. 1941 ई० में रचित हिन्दी की प्रथम चर्चित आत्मकथा 'मेरी कहानी' के रचनाकार हैं :

(A) राहुल सांकृत्यायन

(B) डॉ० श्यामसुन्दर दास

(C) वियोगि हरि

(D) अम्बिकादत्त व्यास

77. दलित लेखक मोहनदास नैमिशराय की आत्मकथा का नाम है :

(A) दोहरा अभिषाप

(B) जूठन

(C) अपने-अपने पिंजरे

(D) मुर्दहिया

78. इनमें से कौन-सा रेखाचित्र महादेवी वर्मा का नहीं है ?

(A) अतीत के चलचित्र

(B) स्मृति की रेखाएँ

(C) माटी की मूरतें

(D) मेरा परिवार

79. इनमें से कौन–सा समाचार पत्र कलकत्ते से नहीं निकलता था ?

(A) कविवचन सुधा

(B) उदन्त मार्तण्ड

(C) बंगदूत

(D) प्रजामित्र

80. 'प्रथम विश्व हिन्दी सम्मेलन' भारत के किस शहर में हुआ था ?

(A) कोलकाता

(B) दिल्ली

(C) पटना

(D) नागपुर

■■■■■■■■■■■■■■■

## SPACE FOR ROUGH WORK

SEAL